लोक सभा अध्यक्ष ने जाने-माने अभिनेता, श्री दिलीप कुमार के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, 07 जुलाई, 2021 : लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने भारतीय सिने जगत के जाने-माने अभिनेता, श्री दिलीप कुमार के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा : "सुप्रसिद्ध अभिनेता, श्री दिलीप कुमार जी के दुखद निधन पर मैं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। ट्रेजेडी किंग' के रूप में विश्व-विख्यात दिलीप कुमार जी एक महान अभिनेता थे। इस महानायक ने सुनहरे पर्दे पर अलग-अलग किरदारों को जीवंतता प्रदान कर समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया। उनके निधन से भारतीय सिने जगत में एक युग का अंत हुआ है। भारतीय और विश्व सिनेमा के लिए यह अपूरणीय क्षति है। अपार शोक की इस कठिन घड़ी में शोक संतप्त परिजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। ॐ शांति।"

'गोपी', 'कर्मा' और 'मशाल' जैसी फिल्मों में श्री दिलीप कुमार द्वारा निभाए गए विभिन्न किरदारों का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि उन्होंने अपने शानदार अभिनय से हिन्दी सिनेमा में एक समृद्ध विरासत छोड़ी है।